तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 ग्रामीणों पर ज्यादती : आदिवासी समाज ने जताई नाराजगी



14 धमतरी जिले में उच्च शिक्षा संस्थानों का असमान विस्तार, कुरूद ...





हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026

सामान्य कूपन 10 जुलाई 2026

कूपन नं. 7

B.M. COLLEGE

BCA BBA PGDCA B.Ed.

आई.टी.आई.

कोपा, इलेक्ट्रिशियन, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, डीजल मैकेनिक, फायर टेक्नालॉजी, स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

9340311314, 9300850065 9303898329, 9098849923


# राशन वितरण में अब बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य

## ओटीपी व्यवस्था सीमित, पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए खाद्य विभाग ने महत्वपूर्ण बदलाव लागू किया है। अब राशन सामग्री का वितरण मुख्य रूप से आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के बाद ही किया जाएगा। पहले कई स्थानों पर ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण किया जा रहा था, लेकिन अब इस व्यवस्था को केवल विशेष परिस्थितियों तक सीमित कर दिया गया है। विभाग का मानना है कि इस निर्णय से फर्जी राशन उठाव, अनियमितताओं और हेराफेरी पर प्रभावी रोक लगेगी तथा वास्तविक पात्र हितग्राहियों को ही खाद्यान्न का लाभ मिलेगा।



### 488 दुकानों में ई-पॉस मशीन से हो रहा वितरण

*धमतरी जिले की 492 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में से 488 दुकानों में ई-पास मशीन के माध्यम से ऑनलाइन राशन वितरण किया जा रहा है। शासन ने वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना के प्रभावी संचालन के लिए आधार प्रमाणीकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि ई-पास मशीनों से प्राप्त आंकड़ों की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि कुछ दुकानों में बायोमेट्रिक सत्यापन के स्थान पर ओटीपी का अधिक उपयोग किया जा रहा था। इसे गंभीरता से लेते हुए सभी उचित मूल्य दुकान संचालकों को निर्देशित किया गया है कि ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद राशन कार्ड के मुखिया अथवा पंजीकृत सदस्य के बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत ही खाद्यान्न का वितरण किया जाए। जिन राशन कार्डों में नामिनी दर्ज है, वहां भी संबंधित नामिनी के आधार प्रमाणीकरण के बाद ही राशन दिया जाएगा।*

### विशेष परिस्थितियों में ही मिलेगी ओटीपी की सुविधा

*खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि ओटीपी आधारित वितरण केवल निर्धारित विशेष परिस्थितियों में ही किया जाएगा। इसमें ऐसे राशन कार्ड शामिल हैं जिनके सभी सदस्य 60 वर्ष से अधिक या 10 वर्ष से कम आयु के हों, एकल निराश्रित हितग्राही हों अथवा ऐसे दिव्यांग राशन कार्डधारक हों जिनके लिए कोई नामिनी दर्ज नहीं है। इन मामलों में भी पहले बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का प्रयास किया जाएगा और तकनीकी कारणों से प्रमाणीकरण संभव नहीं होने पर ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिना कारण सीधे ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण करने वाले संचालकों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यदि किसी हितग्राही के आधार प्रमाणीकरण में तकनीकी समस्या आती है तो तत्काल खाद्य निरीक्षक एवं तकनीकी टीम को सूचना देकर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य विभाग ने सभी राशन कार्डधारियों से आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से ही राशन प्राप्त करने और नई व्यवस्था को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।*

## बाजार कुर्रीडीह की घटना, पति को छोड़ प्रेमी के साथ जाने को तैयार थी महिला

# पति ने पत्नी के प्रेमी की टंगिया मारकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

पत्नी के प्रेम-प्रसंग के चलते पति ने उसके प्रेमी को घर बुलाकर रात्रि में सोते समय टंगिया मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बाजार कुर्रीडीह निवासी पूर्णिमा सोरी पति योगेन्द्र उम्र 31 वर्ष गृहणी है। उसके 3 साल व 8 साल की दो बेटियां है। लगभग एक वर्ष पहले किसी को फोन करते समय इत्तिफाक से उसका रान्ग नंबर शंकर सूर्यवंशी जिला मंदसौर मप्र के ग्राम नगरी तहसील दलौदा के पास लग गया। इसी रान्ग नंबर में हुई बात से दोनों की जान-पहचान हो गई। इसके बाद से



मृतक प्रेमी



आरोपी पति

दोनों की मोबाइल पर बाते करने का सिलसिला शुरू हो गया। धीरे-धीरे दोनों में नजदिकियां बढ़ती चली गई। यह नजदिकयां लव स्टोरी में बदल गई। प्रेम-प्रसंग के चलते शंकर सूर्यवंशी समय-समय पर पूर्णिमा से मिलने उसके गांव आता रहता था



पुलिस ने की पंचनामा करवाई

जिसकी जानकारी पति योगेन्द्र को हो चुकी थी। पूर्णिमा भी पति को छोड़कर प्रेमी शंकर के साथ जाना चाहती थी। काफी समझाने के बाद भी पत्नी के नहीं मानने पर पति ने पूर्णिमा को ले जाने शंकर को अपने गांव बुलाया था। शंकर बुधवार को कुकरेल पहुंच गया जिसे ले जाने पति-पत्नी दोनों कुकरेल आये थे। रात्रि में भोजन के बाद पूर्णिमा, योगेन्द्र, शंकर व उसके दोनों बच्चे एक ही हाल में सो गये। इसी दौरान रात्रि 3 बजे के लगभग योगेन्द्र अचानक बिस्तर से उठकर बाजू में सो रहे पत्नी के प्रेमी शंकर के गले में धारदार टंगिया से वार कर दिया। प्रेमी पर टंगिया चला रहे पति को पूर्णिमा ने देख लिया। टंगिया के हमले से गंभीर रूप से घायल शंकर को पूर्णिमा ने संजीवनी 108 बुलाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने शंकर को मृत घोषित कर दिया। गुरूवार की सुबह सूचना पर केरेगांव पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई की। पूर्णिमा की शिकायत पर केरेगांव पुलिस ने उसके पति योगेन्द्र सोरी पिता रामकृष्ण उम्र 38 वर्ष स्कूलपारा बाजार कुर्रीडीह थाना केरेगांव निवासी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### प्रेमी-प्रेमिका की अक्सर रायपुर में होती थी मुलाकात

*मोबाइल पर शुरू हुए लव स्टोरी धीरे-धीरे बढ़ती जा रही थी। इस दौरान युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर तो आता ही थी। इसके अतिरिक्त दोनों की मुलाकात अक्सर रायपुर में भी होती रहती थी। युवक मंदसौर से मिलने के लिये रायपुर पहुंचता था। वहीं पूर्णिमा किसी बहाने से घर से निकल प्रेमी से मिलने के लिये रायपुर जाती रहती थी।*

### दोनों बच्चियों को लेकर मंदसौर गई थी महिला

*प्रेम-प्रसंग के चलते पूर्णिमा सोरी 15 दिन पहले अपने दोनों बच्चियों को लेकर प्रेमी शंकर सूर्यवंशी से मिलने उसके घर मंदसौर मप्र गई थी। इस दौरान पति ने समाज व गांव को जानकारी देकर चले जाने की बात कहकर पूर्णिमा को बुलाया था। महिला भी 4 से 5 दिन शंकर के यहां रहने के बाद बच्चियों को लेकर 3 जुलाई को अपने घर बाजार कुर्रीडीह आ गई थी। जहां बैठक में महिला को समझाने का प्रयास किया गया था लेकिन महिला पति को छोड़ प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी हुई थी जिसके चलते प्रेमी शंकर को बुलाया गया था।*

### प्रेमी ने फौज में होने का दिया था झांसा

*रान्ग नंबर से शुरू हुई प्रेम कहानी के दौरान प्रेमी शंकर ने पूर्णिमा से अपने आपको फौज में होना बताया था। यहां तक कि महिला को दिखाने सैनिक की वर्दी जैसे कपड़े पहनता था। यहां तक अपनी पत्नी को छोड़कर चले जाने की बात भी बताकर पूर्णिमा को प्रेमजाल में फंसाया था जबकि मृतक शंकर वास्तव में खेती-मजदूरी करता था।*

## रेलवे कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर एवं रेस्ट हाउस बनाए जाने की योजना



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

धमतरी में बड़ी रेल लाइन परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। ट्रैक निर्माण, स्टेशन विकास और अन्य आवश्यक सुविधाओं के साथ अब रेलवे कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर एवं रेस्ट हाउस निर्माण की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में रेलवे, राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने नए बस स्टैंड से फॉरेस्ट ऑफिस के बीच प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण कर सीमांकन और दस्तावेजों का मिलान किया। अधिकारियों ने स्थल का जायजा लेने के साथ भूमि की स्थिति और अतिक्रमण की भी जांच की।

बताया जा रहा है कि चिन्हित भूमि पर रेलवे कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर और रेस्ट हाउस का निर्माण किया जाएगा। सर्वे के दौरान संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तथा आवश्यक अभिलेखों का मिलान भी किया गया। विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद भूमि को रेलवे के उपयोग के लिए अंतिम रूप दिया जाएगा। यदि कहीं अतिक्रमण पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

इधर बड़ी रेल लाइन परियोजना के अन्य कार्य भी अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। दोहरी पटरी बिछाने का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है, जबकि प्लेटफॉर्म और स्टेशन परिसर के विकास का कार्य लगातार जारी है। विद्युतीकरण के लिए पोल लगाने संबंधी सर्वे भी पूरा हो चुका है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अगस्त-सितंबर तक विद्युत कार्य पूरा होने के बाद ट्रायल रन कराया जाएगा। सभी परीक्षण सफल रहने पर सितंबर के अंतिम सप्ताह तक धमतरी में बड़ी रेल लाइन पर नियमित रेल संचालन शुरू होने की संभावना है।

धमतरी से केंद्री तक विकसित किए जा रहे इस रेल मार्ग से क्षेत्र के उद्योग, विशेषकर राइस मिलों को माल परिवहन में बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही रेलवे स्टेशन, गुड्स टर्मिनल और अन्य सुविधाओं के संचालन से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। रेलवे परियोजना के पूर्ण होने से जिले के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अमृत सरोवर तालाब सूखा बोरखनन की मांग

**धमतरी।** दुगली पंचायत के आश्रित विरनपारा के सूखे तालाब को भरने बोर खनन की मांग की गई है। सीटू के जिला सचिव समीर कुरैशी, दुगली पंचायत पंच हरीश कुमार, जागेश्वर आदि ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि नगरी विखं के ग्राम पंचायत दुगली के आश्रित विरनपारा में दो साल पहले अमृत सरोवर योजना के तहत गौरा तालाब और नया तालाब का जीर्णोद्धार किया गया है। दोनों तालाब के सूखने के कारण निस्तारी की समस्या से लोग जूझ रहे है। विरनपारा में 200 आदिवासी परिवार निवास करते हैं। जहां किसी की मृत्यु होने पर नहावन जैसे पारम्परिक कार्यक्रम करना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने सीटू के बेनर तले कलेक्टर से मुलाकात कर दोनों तालाबों को भरने बोर खनन करने की मांग की है।

### राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए नामांकन 27 तक

**धमतरी।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं एवं पात्र संगठन निर्धारित अवधि के भीतर अपना नामांकन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण विभाग धमतरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया 1 जून से 27 जुलाई तक संचालित की जा रही है। इच्छुक आवेदक भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। विभागीय अधिकारी ने बताया कि नामांकन के साथ आवश्यक दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपलोड करना अनिवार्य होगा।

## मानसून कप सीजन-1 : रूद्री में तीन दिवसीय अंतर जिला फुटबॉल महासंग्राम

**धमतरी।** धमतरी के समीपस्थ ग्राम रूद्री स्थित शीतला माता मंदिर परिसर खेल मैदान में 10, 11 एवं 12 जुलाई 2026 तक मानसून कप सीजन-1 अंतर जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमें मैदान में उतरेंगी और रोमांचक मुकाबलों का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह का आयोजन 10 जुलाई शाम 5 बजे होगा। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता दिग्विजय सिंह कृदत्त करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती लक्ष्मी बया (सरपंच), श्रीमती अनीता



यादव, शुभम साहू, आलोक देव सर, के. सदाशिव राव एवं गोपाल शर्मा सहित कई अतिथि मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता का समापन समारोह 12 जुलाई को आयोजित होगा। समापन समारोह में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश शर्मा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता कार्यपालन अभियंता बी.के. मगेन्द्र करेंगे। इस अवसर पर जागेन्द्र (पिंकु) साहू, दीपक ठाकुर, हितेन्द्र कुमार साहू, विजय मोटवानी एवं टेमेन्द्र साहू सहित कई अतिथि उपस्थित रहेंगे।

# सांप की सब्जी बनाकर खा गए, वीडियो भी बनाया, 5 गिरफ्तार

- शिकार के बाद वन्यजीवों को पकाकर खाया, वीडियो वायरल
- पांच आरोपी गिरफ्तार, 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

धमतरी वनमंडल के बिरगुड़ी परिक्षेत्र अंतर्गत खैरभर्री बीट के आरक्षित वन खंड कक्ष क्रमांक 433 में वन्यजीवों के शिकार का मामला सामने आया है। वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।





वन विभाग के अनुसार 4 जुलाई 2026 को ग्राम भनसुली (तहसील नरहरपुर, जिला कांकेर) निवासी विनोद कुमार टेकाम (26), घसिया (20), प्रदीप नेताम (20), शैलेन्द्र कुमार यादव (26) एवं शिवानंद मरकाम (23) ने धमतरी के आरक्षित वन क्षेत्र में तीन धामन (असोड़िया) सांप और एक गोह का शिकार किया। आरोप है कि शिकार के बाद वन्यजीवों को विनोद टेकाम के घर ले जाकर उनके छोटे-छोटे टुकड़े किए गए और सब्जी बनाकर सभी आरोपियों ने उसका सेवन किया। साथ ही इसका वीडियो बनाकर वायरल भी किया।

घटना की सूचना मिलने पर वनमंडलाधिकारी धमतरी श्रीकृष्ण जाधव (भा.व.से.) एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर धमतरी वनमंडल, कांकेर वनमंडल के वन कर्मचारियों तथा उड़नदस्ता एंटी पोचिंग टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। ग्राम भनसुली में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध किए जाने की जानकारी दी, जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 2(20), 9, 39, 50, 51 एवं 52 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 16920/01, दिनांक 7 जुलाई 2026 को दर्ज किया गया। विभाग ने बताया कि अधिनियम की धारा 51 के तहत अनुसूची-1 के वन्यजीवों से जुड़े अपराध में न्यूनतम तीन वर्ष तथा अधिकतम सात वर्ष के कारावास का प्रावधान है। सभी आरोपियों को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, नगरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वन विभाग ने बताया कि मामले की विवेचना एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई जारी है।

## 16 को निकलेगी रथयात्रा, 27 जुलाई को होगी महाप्रभु की रथ वापसी

# महास्नान के बाद एकांतवास में रहेंगे भगवान जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

स्थानीय श्री जगदीश मंदिर में विराजित भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा का पारंपरिक महास्नान उत्सव बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। धार्मिक परंपरा के अनुसार महास्नान के बाद भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ माने जाते हैं। इसी मान्यता के तहत महाप्रभु अब सात दिनों तक अनासर (एकांतवास) में रहेंगे। इस अवधि में उनके दर्शन श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे तथा उन्हें केवल जड़ी-बूटियों से तैयार दिव्य औषधियुक्त काढ़ा और विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।



मंदिर ट्रस्ट के अनुसार 11 से 14 जुलाई तक प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे भगवान को औषधियुक्त काढ़ा अर्पित किया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि इस उपचार के बाद महाप्रभु पूर्णतः स्वस्थ होकर पुनः भक्तों को दर्शन देंगे और रथयात्रा में नगर भ्रमण करेंगे।

रथयात्रा महोत्सव को लेकर श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। ट्रस्ट अध्यक्ष किरण कुमार गांधी के नेतृत्व में उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, कोषाध्यक्ष लख्खू भाई भानुशाली सहित सभी ट्रस्टी एवं सदस्य आयोजन की व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्वयंसेवक भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। राष्ट्रीय गौशाला में बनाए गए जनकपुरी में भी भगवान जगन्नाथ के आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

आयोजन के तहत 15 जुलाई को मंदिर परिसर में हवन-पूजन होगा। इसके अगले दिन 16 जुलाई को दोपहर 2 बजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके बाद 22 जुलाई को मंडली कार्यक्रम आयोजित होगा तथा 27 जुलाई को महाप्रभु की रथ वापसी संपन्न होगी।

महास्नान के अवसर पर धर्मप्रेमी मोहन अग्रवाल, प्रीतेश गांधी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान का विधि-विधान से अभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे मंदिर परिसर में जय जगन्नाथ के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के शीघ्र स्वस्थ होने और रथयात्रा के सफल आयोजन की मंगलकामना की।

# फुटपाथ व्यवसायियों पर लटकी बेदखली का तलवार

- रत्नाबांधा रोड से मुजगहन तक रेहड़ी पटरी वालों को तीन दिन के भीतर जगह खाली करने निगम का फरमान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

रत्नाबांधा रोड से मुजगहन तक फुटपाथ पर रेहड़ी पटरी लगाकर रोजगार करने वाले करीब 100 परिवार सदमे में आ गए है। निगम प्रशासन ने सभी फुटपाथ व्यवसायियों को तीन दिनों के भीतर हटने का फरमान सुना दिया है। गुरुवार को निगम के फरमान से डरे रेहड़ी पटरी फुटपाथ रोजगार वाले सदस्यों ने सीटू के बेनर तले मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर व्यवसाय करने की अनुमति तथा व्यवस्थापन की मांग की है।

रत्नाबांधा रोड किनारे रेहड़ी पटरी लगाने वाले लोकेश सिन्हा,



केशवराम, रत्नेश ढीमर, खम्हन, वेदराम देवांगन, डेरहाराम आदि ने बताया कि इस रोड में करीब 100 परिवार विभिन्न स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार का भरणपोषण कर रहे हैं। नगर निगम धमतरी द्वारा रत्नाबांधा से मुजगहन तक सड़क चौड़ीकरण अभियान चलाने का काम कर रहे हैं। निगम कर्मचारियों ने गत दिवस समस्त फुटपाथ पर रोजगार करने वालों को अपने अपने जगहों से हटने का फरमान सुनाया है। 3 दिनों के बाद रेहड़ी पटरी हटाने का अभियान शुरु किया जाएगा। निगम के निदेश से समस्त फुटपाथ व्यवसायी भयाक्रांत है। इस अभियान से 100 परिवार के समक्ष विस्थापित होने डर सता रहा है। फुटपाथ व्यवसायियों ने सड़क निर्माण के पूर्व सड़क किनारे 8 फुट का नाला निर्माण करके सभी रेहड़ी पटरी वालों को व्यवस्थापित करने तथा जब तक नाला निर्माण कर स्वरोजगार की व्यवस्था नहीं किया जाता तब तक अन्यंत्र स्थान पर व्यवसाय करने की अनुमति देने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### दिव्यांगों को मिले छड़ी और वाकर

**कांकेर।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने का अभियान जारी है। विभागीय टीम ने अष्टावक्र वेलफेयर सोसाइटी दिव्यांग आवासीय केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के स्वास्थ्य, मेडिकल प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड की समीक्षा की। आवश्यकता अनुसार सरपंच के हाथों दिव्यांग छात्र-छात्राओं को छड़ी, व्हीलचेयर और वॉकर वितरित किए गए। ग

### जैविक खेती के लिए सोनूराम बने मिसाल

**कांकेर।** आमाबेड़ा तहसील के ग्राम चिचगांव निवासी एमए शिक्षित किसान सोनूराम ध्रुव ने 10 एकड़ भूमि पर जैविक एवं समन्वित खेती अपनाकर सफलता की नई मिसाल पेश की है। वर्ष 2015 से जैविक खेती कर रहे ध्रुव चिन्नौर धान, ब्लैक राइस, काली मिर्च, गेहूं, रागी, काली हल्दी सहित विभिन्न फसलें उगा रहे हैं। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम एनपीओपी के प्रमाणित किसान ध्रुव को खेती से सालाना 8 लाख रुपये से अधिक की आय हो रही है। वे क्षेत्र के किसानों को भी जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## निधन

### यशोदा चंद्राकर



**धमतरी।** श्रीमती यशोदा चन्द्राकर, धर्मपत्नी डॉ. के. एल. चन्द्राकर, का 80 वर्ष की आयु में दुःखद निधन हो गया है। वे मनीष चन्द्राकर (मनीष मेडिकल, धमतरी) की माताजी एवं श्रीमती सपना धुरंधर (नागपुर) की माताजी थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। श्रीमती चंद्राकर धमतरी शहर में एक प्रतिष्ठित समाजसेवी के रूप में जानी पहचानी जाती हैं। उनकी अंतिम यात्रा गुरूवार दोपहर 4 बजे उनके निवास स्थान गुजराती कॉलोनी से शांति घाट के लिए निकली। उनकी अंतिम यात्रा में समाज सहित नगर के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। उनकी निधन पर नगर के विभिन्न क्लबों एवं समाजसेवी संस्थाओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### परसराम यादव



**जीजामगांव।** ग्राम सिलीडीह के प्रतिष्ठित व्यक्ति शोभाराम यादव के पिता परसराम यादव का निधन 2 जुलाई गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सिलीडीह के शांतिघाट में किया गया। उनके निधन पर पुत्र शोभाराम यादव, ज्योति यादव, पुनाराम यादव, जितेंद्र यादव, चंदन यादव, हरिकमल यादव, अभिषेक यादव, योगेश यादव, तुषार यादव,कृष्णा यादव, अथर्व यादव सहित ग्रामीणों ने गहरा शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# रोजगार के साथ सम्मानजनक आवास पर फोकस, ग्रामीण योजनाओं की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला सहित कुरुद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गाड़ाडीह में रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना ही नहीं प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक आवास एवं स्थायी आजीविका से जोड़ना भी है। इसके लिए वीबी-जी राम जी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा महिला स्व-सहायता समूहों की सहभागिता को और अधिक मजबूत बनाया जा रहा है।

### गाड़ाडीह में रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन



#### निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें

कार्यक्रम में डीलर दीदी इनिशिएटिव के संबंध में भी जानकारी दी गई। महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को आवास निर्माण सामग्री की आपूर्ति से जोड़ने तथा उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रुप से सशक्त बनाने पर बल दिया गया। तकनीकी अमले एवं पंचायत प्रतिनिधियों से कहा गया कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रुप से कार्य पूर्ण कराएं। जल संरक्षण, पौधरोपण, आजीविका संवर्धन एवं ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में अपूर्ण प्रधानमंत्री आवासों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। जिन हितग्राहियों की प्रथम किस्त किसी कारणवश लंबित है, उनके प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर राशि जारी कराने पर जोर दिया गया ताकि निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हो सके।

#### लंबित प्रकरणों का हुआ निराकरण

बैठक में डिजिटल प्रक्रियाओं को समय पर पूर्ण करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित रुप से रोजगार एवं आवास दिवस आयोजित करने का उद्देश्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना, लंबित प्रकरणों का निराकरण करना तथा हितग्राहियों को योजनाओं से अधिकाधिक लाभान्वित करना है।

### भगदड़ रोकने 10 दिन पहले बुलाई बैठक

# रथयात्रा से पहले पुलिस अलर्ट डीजे-धुमाल उपयोग पर मंथन

- सिहावा थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों संग बनाई शांतिपूर्ण आयोजन की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा को लेकर सिहावा क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। रथों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस वर्ष भी सिहावा और भीतररास से भगवान जगन्नाथ की दो रथयात्रा निकाली जाएगी। पिछले वर्ष रथयात्रा के दौरान हुई भगदड़, धक्का-मुक्की और विवाद की घटनाओं से सबक लेते हुए पुलिस प्रशासन ने इस बार पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

इसी कड़ी में रथयात्रा से 10 दिन पहले सिहावा थाना प्रभारी अजय सिंह ने ग्राम पंचायत भवन सिहावा में सरपंच, जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर चर्चा की।



बैठक में पिछले वर्ष हुई घटनाओं की समीक्षा करते हुए यह बात सामने आई कि रथयात्रा के दौरान डीजे और धुमाल की तेज धुन पर नृत्य करते समय युवाओं के बीच धक्का-मुक्की होती है, जिससे बहस, विवाद और भगदड़ जैसी स्थिति बन जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए डीजे एवं धुमाल के उपयोग को लेकर भी गंभीर मंथन किया गया।

थाना प्रभारी अजय सिंह ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से अपील की कि धार्मिक आयोजन की गरिमा बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाली गतिविधियों से दूर रहें। वहीं ग्राम पंचायत की ओर से भी भरोसा दिलाया गया कि ग्रामीणों के साथ बैठक कर रथयात्रा से पहले डीजे एवं धुमाल के संबंध में आवश्यक निर्णय लिया जाएगा, ताकि आयोजन बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सके।बैठक में सरपंच उषा किरण नाग, उपसरपंच सुनील सिंह, पंच किशन नाग, फैजल खान, लोकेश्वर पटेल, बीरेंद्र मनहरे, ओमप्रकाश पटेल, मीनू कुलदीप, जमुना मारकंडे, ममता निषाद, गुलाब निषाद, दुलेश्वर पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# सियादेही में सेन समाज सामुदायिक भवन के लिए विधायक ने 6.5 लाख रुपए देने की घोषणा की

- सर्व सेन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा मांगपत्र, विधायक ने शीघ्र स्वीकृति का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सर्व सेन समाज जिला धमतरी एवं तहसील कुकरेल के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सिहावा विधायक अंबिका मरकाम से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट कर ग्राम सियादेही में सेन समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गए मांगपत्र पर सकारात्मक पहल करते हुए विधायक ने भवन निर्माण के लिए साढ़े 6.5 लाख रुपये देने की घोषणा की।

सर्व सेन समाज जिला धमतरी के जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सिहावा विधायक का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक मोहित सेन, प्रदेश प्रतिनिधि रामगोपाल सेन, जिला सचिव भगवानी राम शांडिल्य, प्रवक्ता खेमलाल कौशिक, जिला मीडिया प्रभारी रूपेंद्र भारद्वाज, तहसील कुकरेल क्षेत्र के संरक्षक रमन सेन, अध्यक्ष ईश्वर सेन, उपाध्यक्ष सितम सेन, सचिव शिवराम सेन तथा सेलून संघ अध्यक्ष सुरेश सेन शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को अवगत कराया कि ग्राम पंचायत सियादेही द्वारा सेन समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 डिसमिल भूमि आरक्षित की गई है। भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की स्वीकृति का अनुरोध किया गया था। विधायक श्रीमती मरकाम ने मांग को सहानुभूतिपूर्वक सुनते हुए तत्काल साढ़े 6.5 लाख रुपये स्वीकृत करने की बात कही।

घोषणा के बाद प्रतिनिधिमंडल ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए शीघ्र राशि स्वीकृत कराने तथा भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस दौरान समाज के विकास और अन्य सामाजिक विषयों पर भी लगभग एक घंटे तक सकारात्मक चर्चा हुई।

बाद में प्रतिनिधिमंडल ने जनपद पंचायत मगरलोड अंतर्गत बोरसी क्षेत्र की जनपद सदस्य दुर्गेश नंदिनी साहू से भी मुलाकात की। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों का गमछा भेंटकर सम्मान किया।

## मंदरौद स्कूल में शाला विकास समिति का गठन, थानूराम बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदरौद में शाला विकास समिति का नवीन गठन किया गया। आयोजित बैठक में पालकों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से थानूराम साहू को अध्यक्ष तथा विद्या देवी साहू को उपाध्यक्ष चुना गया।

समिति में सरपंच भीखम लहरे, पंचायत प्रतिनिधि अंगद सिंह ठाकुर, पूर्व छात्र प्रतिनिधि गजेंद्र साहू, शिक्षाविद के रूप में सेवानिवृत्त व्याख्याता हीराराम साहू, सेनि प्रधानपाठक मोजीराम साहू, महिला प्रतिनिधि लक्ष्मी निषाद, अंगेश्वरी ध्रुव, गायत्री निषाद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा साहू, स्वास्थ्य विभाग से चंद्रकला साहू, पूर्व अध्यक्ष भारत सोनकर एवं नोहर पटेल सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष साहू ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा गांव के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास का संकल्प लिया। इस अवसर पर नवप्रवेशी कक्षा 6वीं और 9वीं के विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गईं।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य हृदय भूषण कहार, संकुल समन्वयक टाकेश्वर साहू, महेंद्र चंद्राकर सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में सरई बोड़ा की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

बरसात प्रारंभ होते ही वनों से प्राप्त मौसमी सब्जी सरई बोड़ा की मांग बढ़ती जा रही है। सरई बोड़ा जंगलों में साल सरई पेड़ के नीच जमीन के अंदर पाया जाता है। जंगल के रहवासी जंगलों से इकट्ठा करके ब्रोकर के माध्यम से मैदानी इलाकों में बेचते है। मेघा मगरलोड चौक में आजकल बिक्री के लिए व्यापारी पसरा लगाकार बैठे रहते हैं। मगरलोड बाजार चौक में सरई बोड़ा बेचने पहुंचे कुटेना गरियाबंद जिला निवासी भूपेंद्र साहू ने बताया कि सरई बोड़ा जंगल की मौसमी सब्जी है यह एक प्रकार का फुटु है। मैनपुर गरियाबंद देवभोग जैसे घने वन क्षेत्र में सरई साल पेंड बहुतायत मात्रा में है। इन्ही क्षेत्र में इनका अच्छा उत्पादन होता है इसे जंगल के रहवासी इकट्ठा कर 4-5 किलो होने पर एजेंट के पास बेचते है वह एजेंट गांव के चिल्हर व्यापारी के पास बेचते है । इस प्रकार से यह वनोपज चैनल के माध्यम से आम उपभोक्ता तक पहुंचता है ।प्रारंभिक समय में इनकी कीमत 2000 से 2500 रुपये तक बिका था अभी



उत्पादन आवक अच्छी होने से 400 से 600 रुपये प्रति किलो बिक रहा है । प्रारंभिक समय में ग्रामीण क्षेत्र में इसकी मांग बहुत अच्छी रहती है इतना महंगी होने के बावजूद यह हाथों हाथ बिक रही है इसे काला सोना के नाम से जाना जाता है।

## हाईस्कूल अंवरी में किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

हाईस्कूल प्रांगण अंवरी में 200 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष फलेंद्र ध्रुव, संरपच हितेन्द्र नाथ मण्डल, लेखराम साहू, उदय चरण बंजारे, रंजीत जागड़े, मूलचंद चंदेल, पवन यादव, भुनेश्वर साहू, संतोष सेन, जागेश्वर निर्मलकर, घनश्याम साहू, प्रचार्य एनके मेश्राम, पीएन साहू, आई आर साहू, केएल यादव, पी सिन्हा, केएल गोघारे, वी चन्द्राकार, केपी धीवर, डीके साहू, वीपी जोशी, डीके कुर्रे, लक्ष्मीकांत साहू, एन एस नेताम, पीके डहरे सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202606130700076/
ब-121/वर्ष 2025-26
ग्राम-रत्नाबांधा/बलियारा
तहसील व जिला-धमतरी

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम रत्नाबांधा को सूचित किया जाता है कि आवेदक स्वतंत्र कुमार कौशल पिता स्व. श्री केशुराम कौशल निवासी ग्राम बलियारा के द्वारा शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा धमतरी में मृतिका श्यामा बाई चौबे पति गोविन्द प्रसाद चौबे निवासी तालाब पारा रत्नाबांधा धमतरी के बैंक खाता में नामिनी नहीं होने के कारण मृतिका के वंशावली प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को अपनी आपत्ति/उजर दावा पेश करना हो तो वह दिनांक 17/07/2026 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/उजर दावा पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार भखारा, जिला धमतरी छ.ग.**

क्रमांक 128/ ना. तह. / वा. - 2 /2026
भखारा, दिनांक 07/07/2026

**// नोटिस //**

**विषय** :- पक्षकार विष्णु राम पिता द्वारिका राम रावत अन्य 01, प.ह.नं.-10, तहसील भखारा, जिला धमतरी की उपस्थिति बाबत ।

जोहन राम पिता पुरूषोत्तम साहू, ग्राम पचपेडी, तहसील भखारा जिला धमतरी ..... आवेदक

**बनाम**

1. विष्णुराम पिता द्वारिका राम रावत, निवासी पचपेडी, तहसील भखारा, जिला धमतरी
2. लालूराम पिता द्वारिका राम रावत, निवासी पचपेड़ी, तहसील भखारा, जिला धमतरी

कास्तकार ग्राम पचपेड़ी तहसील भखारा जिला धमतरी ......... अनावेदक

विषयान्तर्गत लेख है कि ई कोर्ट रा.प्र.क्रं.- 202606132000008 / अ-70/ वर्ष 2025-26 आवेदक/ आवेदिका आवेदक जोहन राम पिता पुरूषोत्तम जाति तेली निवासी ग्राम पचपेडी तहसील भखारा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम पचपेडी स्थित भूमि खसरा नंबर 1140 रकबा 0-21 हे राजस्व अभिलेख मे आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व मे न्यायालय द्वारा विधिवत कब्जा वापसी हेतु आदेश पारित किया गया था वाद भूमि रकबा 0-21 हे के भाग रकबा 0-17 डिसमिल मे बेदखली आदेश उपरांत बेदखली किया गया था पुनरूप कब्जा किया गया है जिसे बेदखल करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय विचाराधिन है।

अतः इस समाचार प्रकाशन के माध्यम से आपको न्यायालय द्वारा जारी ईस्तहार/नोटिस मानते हुये पेशी दिनांक 21/07/2026 को समय 11:00 बजे अनिवार्य रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर उपरोक्त आवेदन के संबंध में अपना दावा आपत्ति/जवाब प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक को न्यायालय में उपस्थित नही होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

(मुहर) नायब तहसीलदार
भखारा

# जापान से लौटीं सुनैना और समीक्षा का सम्मान, वैज्ञानिक अनुभव किए साझा

- विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक स्थलों का किया अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा की छात्राएं सुनैना साहू और समीक्षा साहू इंस्पायर अवार्ड मानक योजना अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर जापान के वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक भ्रमण से लौटने के बाद विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित की गईं। दोनों छात्राओं का चयन जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद देशभर के 56 विद्यार्थियों में हुआ था।



छत्तीसगढ़ से चयनित पांच विद्यार्थियों में धमतरी जिले के हायर सेकेंडरी कोसमर्रा की दो छात्राओं का चयन विशेष उपलब्धि माना गया। समीक्षा साहू का मार्गदर्शन शासकीय माध्यमिक शाला कोसमर्रा की शिक्षिका कविता सिन्हा तथा सुनैना साहू का मार्गदर्शन शासकीय माध्यमिक शाला देवरी के शिक्षक लक्ष्मीकांत साहू ने किया। जापान में छात्राओं ने स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, द यूनिवर्सिटी ऑफ टोक्यो, स्पेस डोम जैक्सा, विश्व के सबसे ऊंचे टीवी टावर, मैकई हाईस्कूल, आशाकुशा टेंपल सहित विभिन्न वैज्ञानिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक स्थलों का अध्ययन किया। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य दोमनलाल साहू, चैतराम साहू, पुष्पेंद्र गुरु, बालकृष्ण साहू, वासुदेव सोनबेर, नरेश कुमार, रविंद्र बंधे, मानसिंह जांगडे, संतोषराव जगताप, अनिल साहू, उत्तरा गंजीर, किरण मनहर एवं हरिश्चंद्र सिंह नेताम सहित विद्यालय परिवार ने छात्राओं का स्वागत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### बैठक में 66 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भाग लेकर कई ज्वलंत विषयों पर चर्चा की

# सरपंच संघ ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

सरपंच संघ मगरलोड की अध्यक्ष राखी साहू के नेतृत्व में जनपद के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड की 66 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भाग लिया और विभिन्न ज्वलंत विषयों पर चर्चा की।

राखी साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रशासन द्वारा जारी सूची में से अनेक नाम कट जाने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है, जिससे सरपंचों को ग्राम पंचायत स्तर पर आम जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सूची की मांग की है। 15वें वित्त आयोग की राशि समय पर न मिलने से पंचायतों के मूलभूत कार्य प्रभावित हो रहे हैं।



मनरेगा अंतर्गत 30 मार्च 2026 तक पूर्ण कार्यों का मटेरियल भुगतान अभी तक लंबित है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात जनपद पंचायत स्तर पर मूल्यांकन एवं सत्यापन कार्य समय पर नहीं किया जा रहा है, जिससे सरपंचों को परेशानी होती है। सरपंचों ने बताया कि दुर्ग, राजनांदगांव सहित अन्य जिलों के बाहरी व्यक्तियों द्वारा आरटीआई आवेदन लगाकर सरपंचों को परेशान किया जा रहा है, जिस पर रोक लगाना आवश्यक है। केवल जनपद पंचायत क्षेत्र के निवासियों द्वारा मांगी गई जानकारी ही उचित मानी जानी चाहिए।

जनपद पंचायत से ग्राम पंचायत स्तर पर मिलने वाली विभिन्न पेंशन राशि हितग्राहियों को समय पर प्राप्त नहीं हो रही है। सभी सरपंचों ने इन जनहित मांगों को शीघ्र पूरा करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी मगरलोड को ज्ञापन सौंपा ।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### गुटखा खाने और बीड़ी पीने से मना करने पर युवक पर डंडे से हमला

**कांकेर।** शहर के बरदेभाठा क्षेत्र में गुटखा और बीड़ी पीने से मना करना एक युवक को भारी पड़ गया। इस मामले में पीड़ित ने तीन लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराई है। घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और मामला थाने तक पहुँच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरदेभाठा निवासी 32 वर्षीय मनमीत सिंह पिता बलबीर सिंह ने थाना कांकेर पहुंचकर लिखित में शिकायत दिया कि 7 जुलाई की सुबह करीब साढ़े 9 बजे अपना काम समाप्त कर घर पहुंचा। उस दौरान उसके साथ रहने वाले अनिवर कुजूर तथा अंजना कुजूर घर के भीतर गुटखा, सिगरेट और बीड़ी का सेवन कर रहे थे। मनमीत सिंह ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। शिकायत के अनुसार समझाइश देने पर तीनों आरोपी भड़क गए और कथित तौर पर अश्लील गाली-गलौज करने लगे।

### दो शराब कोचिए पुलिस गिरफ्त में

**कांकेर।** हल्बा चौकी पुलिस और कोरर थाना पुलिस ने 8 जुलाई को छापामार कार्यवही करते हुए दो शराब कोचिए को धर दबोचा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हाराडुला निवासी बिहारी लाल यादव पिता चंदूलाल यादव अपने कब्जे में 24 नग देशी प्लेन शराब कीमत 1 हजार 920 रूपएं और 9 बीयर कीमत 1 हजार 800 रूपएं कुल 3 हजार 720 रूपएं के शराब को जप्त किया। वही कोरर पुलिस ने बयानार निवासी 40 वर्षीय सुदर्शन खरगे पिता कुंवर सिंग के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमत 700 रूपएं और नगद 150 रूपएं को जप्त किया। पुलिस ने दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### किसान संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**दुर्गुकोंदल।** खरीफ सीजन के बीच दुर्गूकोंदल क्षेत्र के किसान डीएपी एवं राकड़ खाद की कमी से गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दुर्गुकोंदल में पिछले लगभग एक माह से डीएपी एवं राकड़ खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों में भारी नाराजगी व्याप्त है। इसी समस्या को लेकर किसान संघ दुर्गूकोंदल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की। किसानों का कहना है कि खरीफ फसलों की बुवाई का सबसे महत्वपूर्ण समय चल रहा है। धान सहित अन्य फसलों की खेती के लिए डीएपी एवं राकड़ खाद की आवश्यकता सबसे अधिक है, लेकिन खाद की अनुपलब्धता के कारण किसान प्रतिदिन लेम्प्स के चक्कर लगाने को विवश हैं।

# आवास सूची से हजारों नाम गायब, कुरुद में जनप्रतिनिधियों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रधानमंत्री आवास योजना (प्लस 2.0) की प्रारंभिक सूची जारी होने के बाद धमतरी जिले के कई गांवों में असंतोष बढ़ गया है। बड़ी संख्या में ऐसे परिवारों के नाम सूची में नहीं आने से ग्रामीण लगातार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक दबाव त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों पर देखने को मिल रहा है।

जनपद सदस्य हिमांशु साहू, सिंधु बैस, गंगा साहू और डिगेश्वरी देवांगन ने बताया कि भाठागांव, राखी, मरौद, कुर्रा, सिहाद, कोसमर्रा, देवरी, जामगांव, सरबदा, जरवायडीह, खपरी, कल्ले, मुल्ले, रामपुर, गाड़ाडीह, भेलवाकूदा और सिलघट सहित कई गांवों के सैकड़ों पात्र परिवारों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। उनका आरोप है कि पंचायत स्तर पर अनियमितता हुई है, जबकि पहले से पक्के मकान और कृषि उपकरण रखने वाले लोगों के नाम सूची में शामिल कर दिए गए।

**ग्रामीणों का दावा- पात्र परिवार हुए बाहर, अधिकारी बोले- तकनीकी गड़बड़ी दूर करने की प्रक्रिया जारी**



जनप्रतिनिधियों का कहना है कि सूची तैयार करने या नाम हटाने की प्रक्रिया में उनसे कोई राय नहीं ली गई। अब अधिकारी इसे एआई सॉफ्टवेयर और तकनीकी त्रुटि बता रहे हैं, जबकि जनता जवाब उनसे मांग रही है। उनका कहना है कि यदि पात्र लोगों का नाम जोड़ने का अधिकार भी जनप्रतिनिधियों को नहीं है, तो उनकी भूमिका पर ही सवाल खड़े होते हैं। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के कुरुद विकासखंड समन्वयक संतोष साहू ने बताया कि सेल्फ और असिस्टेंट सर्वे के माध्यम से करीब 27 हजार लोगों का सर्वे हुआ था। तकनीकी कारणों से कुछ नाम सूची से विलोपित हो गए हैं, जिन्हें सुधारने की प्रक्रिया उच्च स्तर पर जारी है।

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# ग्रामीणों पर ज्यादती : आदिवासी समाज ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मूलभूत सुविधाओं की मांग लेकर कलेक्टोरेट जा रहे ग्रामीणों पर आंसू गैस छोड़े जाने के मामले में सर्व आदवासी समाज ने नाराजगी जाहिर की है। सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी ने गुरुवार को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नाम कलेक्टर धमतरी को चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की है।

सर्व आदिवासी समाज ने ज्ञापन में मांग किया है कि नगरी क्षेत्र के बनरौद में अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से कलेक्ट्रेट की ओर जा रहे आदिवासी ग्रामीणों पर अश्रु गैस छोड़े जाने की घटना की न्यायिक जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।समाज ने कहा कि इस घटना से आदिवासी समाज की भावनाएं आहत हुई है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इसके अलावा नगरी क्षेत्र के 60 आदिवासी बाहुल्य गांवों में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सिंचाई, संचार सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने की मांग की गई है।



**अलग धर्म कोड की मांग**

वर्ष 2027 की जनगणना में आदिवासी समुदाय के लिए पृथक आदिवासी धर्म कोड लागू करने की मांग भी उठाई गई है। समाज का कहना है कि आदिवासी समुदाय की अपनी अलग धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान है, इसलिए जनगणना में पृथक धर्म कोड का प्रावधान किया जाना आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन से भारत सरकार के समक्ष प्रस्ताव भेजकर आवश्यक पहल करने कहा है।

**ज्ञापन अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी ने लिया**

ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई, कार्यकारी अध्यक्ष महेश रावटे, डॉ. ए.आर. ठाकुर, जयपाल ठाकुर, कृष्णा नेताम, होमन सिंह कतलम, सुग्रीव नेताम, गोविंद ठाकुर, एच.आर. परिहा, रामेश्वर मरकाम, खिलेंद्र पडोटी, हर्ष मरकाम, चंद्रकला नेताम, ईश्वरी नेताम, नंदा नेताम, हेमलता नेताम, मालती रावटे, चन्द्रकिरण नेताम, भूमिका कोर्राम, रमी गौतम सहित विभिन्न आदिवासी समाजों के पदाधिकारी और समाजजन उपस्थित रहे।

जिले के 154 आदिवासी परिवारों की भूमि को भू माफियाओं द्वारा गैर-संवैधानिक तरीके खरीद-फरोख्त एवं भूमि हस्तांतरण किये जाने को लेकर उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने तथा प्रभावित आदिवासी परिवारों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

### उद्योग एवं निवेश के क्षेत्र में जिले को मिलेगी नई पहचान

**धमतरी।** जिले में औद्योगिक विकास और निवेश को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, एमएसएमई रायपुर के प्रतिनिधि, एक्सपोर्ट प्रमोशन टीम, जिले के नवोदित निवेशक तथा राइस मिलर्स शामिल हुए। बैठक में एमएसएमई अधिकारियों ने क्लस्टर डेवलपमेंट की अवधारणा, उसके लाभ तथा उद्योगों के सामूहिक विकास की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं एक्सपोर्ट प्रमोशन टीम ने जिले के स्थानीय उत्पादों के निर्यात की प्रक्रिया, आवश्यक औपचारिकताओं और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में उपलब्ध अवसरों से निवेशकों को अवगत कराया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में निवेश और औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रशासन निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने शासन की विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी देते हुए संबंधित विभागों को उद्योगों की स्थापना, विस्तार और निवेशकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

## अंचल की खबरें

### सचिव संघ ने की शासकीयकरण की मांग

**मगरलोड।** प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर सचिव संघ शाखा मगरलोड ने जनपद पंचायत के सामने मंदिर प्रांगण में पंचायत सचिव दिवस मनाया। ब्लॉक सचिव संघ अध्यक्ष रवि कुमार साहू ने कहा कि शासन-प्रशासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने एवं लाभान्वित कराने का कार्य सचिव करते हैं। पंचायत सचिवों का शासकीयकरण उनका हक है। संघ के माध्यम से समय-समय पर शासन-प्रशासन को अपनी एक सूत्रीय मांग को पूर्ण करने अवगत कराया जाता रहा है। पंचायत सचिव जन्म से मृत्यु तक के लेखा-जोखा की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रवि कुमार साहू ने संघ की एकता, संगठन की ताकत पर जोर देते हुए कहा कि उनकी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण है।



### विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्त जीवन का संकल्प

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर रुद्री में एक कुंडीय यज्ञ के साथ नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा दशम, एकादश एवं द्वादश के विद्यार्थियों ने जीवनभर किसी भी प्रकार का नशा न करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी नशामुक्त जीवन अपनाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रखने का संकल्प दोहराया। प्राचार्य संतोष साहू के आमंत्रण पर गायत्री परिवार व्यवस्था समिति रुद्री ने कार्यक्रम का संचालन किया। यज्ञ आचार्य पुरुषोत्तम निर्मलकर, वसंता निर्मलकर, मनोज साहू एवं अनुसुइया सिन्हा ने नशा उन्मूलन पर भाषण, चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया।




### शिव मंदिर जीर्णोधार, एक पुण्य सेवा : अंगिरा ध्रुव

**धमतरी।** ग्राम भोयना में भगवान शिव मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। भूमि पूजन के दौरान अंगिरा ध्रुव ने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कामना की। ध्रुव ने अपने संबोधन में कहा कि मंदिर हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। किसी भी गांव की पहचान केवल उसकी भौतिक सुविधाओं से नहीं, बल्कि उसकी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से भी होती है। शिव मंदिर के जीर्णोद्धार से ग्रामवासियों की धार्मिक आस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य कैलाश देवांगन , सरपंच श्रीमती पारथी ध्रुव, पंच गण सुलोचना देवांगन, मानकी मरकाम, रेखा टेकाम, लक्ष्मी ओटी, सीताराम गिरधर विश्वकर्मा, हरिराम साहू, हेमंत राम साहू, रामसिंग, यादराम साहू,सूरज सेन, राम मराई सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



### प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए

**धमतरी।** क्रीड़ा भारती द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर की प्राचार्या शैल गोस्वामी एवं जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर से झनक साहू, मेनका नेताम, किरण ग्वाल, क्रीड़ा भारती अध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान, टकेश्वर साहू ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उत्साह, अनुशासन और योग के प्रति समर्पण की सराहना की। झनक साहू ने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से नियमित रूप से योग करने तथा दूसरों को भी योग के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।



# शाप्रा एवं शामावि उजरावन में शाला प्रबंधन समिति का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय उजरावन में नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी/एसएमसी) का गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। बैठक में अभिभावकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया।

समिति गठन में देवगन सिंह कुंजाम को अध्यक्ष तथा श्रीमती संध्या बाई कुंजाम को उपाध्यक्ष चुना गया। विद्यालय के प्रधान पाठक कमलेश कुमार सूर्यवंशी को सचिव का दायित्व सौंपा गया। समिति के सदस्य के रूप में दयाराम पटेल, परमेश्वरी कुंजाम, रोशन पटेल, दुलचंद कुंजाम, किसन लाल मंडावी, निमेश्वरी पटेल सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि समिति विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन तथा विद्यालय के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# पुरानी गाड़ियों की खरीदी-बिक्री के नाम पर 58 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भरोसे का फायदा उठाकर 58 लाख रुपये की कथित ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सेकंड हैंड गाड़ियों का कारोबार करने वाले एक व्यवसायी को उसके ही भरोसेमंद कर्मचारी ने चूना लगाया और लाखों रुपये लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

- **कारोबारी का भरोसा जीतकर कर्मचारी फरार**

मामला कुरूद थाना क्षेत्र का है। पीड़ित व्यवसायी की शिकायत के अनुसार आरोपी कर्मचारी शिवम रजक लंबे समय से उसके साथ काम कर रहा था। शिवम ने अपने व्यवहार और कामकाज से मालिक का विश्वास जीत लिया था।

इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसने फाइनेंस वाली गाड़ियों की खरीद-बिक्री के नाम पर कथित धोखाधड़ी की योजना बनाई। पुलिस के मुताबिक आरोपी अलग-अलग आठ गाड़ियों की खरीद-बिक्री के दौरान मालिक के नाम पर एग्रीमेंट करवाया था। वह यह कहकर भरोसा दिलाता कि फाइनेंस की किस्तें वह स्वयं जमा करेगा, इसलिए एग्रीमेंट मालिक के नाम पर करा दिया जाए। इसी बहाने उसने विभिन्न सौदों में हेरफेर करते हुए करीब 58 लाख रुपये अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिया।




**पैसा मिलते ही हुआ गायब**

जैसे ही पूरी रकम उसके खाते में पहुंची, आरोपी अचानक गायब हो गया। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तब व्यवसायी को ठगी का एहसास हुआ और उसने कुरुद थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद कुरुद थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्राथमिक शाला डांडेसरा के नव-निर्मित भवन का व उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा के नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर, मां सरस्वती की पूजा एवं वन्दना किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा नव निर्मित शाला भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य कुरूद सुभाष ध्रुव ने नव निर्मित शाला भवन के लोकार्पण पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बेहद ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है। यह नया भवन केवल ईंट और सीमेंट से बनी एक इमारत नहीं है, बल्कि यह हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य और सपनों की आधारशिला है।

शिक्षा ही वह माध्यम है जो हमारे समाज को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाती हैं। यह नव निर्मित शाला भवन आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है, ताकि यहां पर पढ़ने वाले हर बच्चे को एक बेहतर और खुशनुमा शैक्षणिक वातावरण मिल सके। हमें पूरा विश्वास है कि इन कक्षाओं से निकलने वाले विद्यार्थी न केवल अपने परिवार और क्षेत्र का, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन करेंगे। सरपंच खुमेश्वरी साहू ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल स्कूल जाना या किताबों से पढ़ना नहीं है। यह हमें सोचना, व्यवहार करना और वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करना सिखाती है। शिक्षा के माध्यम से हम ऐसा ज्ञान प्राप्त करते हैं जो हमें दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। सभी छात्र-छात्राओं को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया गया।



प्रधानपाठक उर्वशी चन्द्राकार ने कहा कि अच्छी शिक्षा आत्मविश्वास बढ़ाती है। यह हमें सपने देखने की शक्ति और उन सपनों को साकार करने का साहस देती हैं। यह हमें भविष्य का सामना करने और सशक्त, आत्मनिर्भर व्यक्ति बनने के लिए तैयार करती हैं। दुनिया भर में कई बच्चों को आज भी स्कूल जाने का मौका नहीं मिलता। हमें आभारी होना चाहिए और शिक्षा हमें मिलती है उसका भरपूर लाभ उठाना चाहिए।


शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों के द्वारा सरपंच खुमेश्वरी साहू से शाला परिसर में चेकर लगाना, शाला परिसर के बाहर को समतल करना व पेड़-पौधे लगाकर बेंच, झूला, फिसलपट्टी लगाने की मांग की गई, जिसमें सरपंच द्वारा हामी भरी गई। इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल कन्हारपुरी के प्राचार्य देवकुमार साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मिथलेश जोशी, उपाध्यक्ष कमलेश्वरी साहू, सदस्य टिकेश्वर साहू, अनिल दीवान, हरिश्चंद्र साहू, थनवार गायकवाड़, गणेश दीवान, मोनिका साहू, गायत्री सोनवानी, पूर्णिमा कंवर, देवकी जांगड़े, अमरीका सेन, नीतिशा सेन, मंजु कंवर, चन्द्रकान्ता कंवर, रसोईया सरिता साहू, सहायिका राधा बाई जोशी, शिक्षक शहनाज़ बानों, अनीता साहू, वीना गजेंद्र, संतोषी कंवर उपस्थित थे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# रेलवे स्टेशन और माल गोदाम तक पहुंचेगी नई बाइपास सड़क, 25 करोड़ की योजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी में बड़ी रेललाइन परियोजना के अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही रेलवे स्टेशन और प्रस्तावित माल गोदाम तक बेहतर सड़क संपर्क विकसित करने की तैयारी तेज हो गई है। जिला प्रशासन सेहराडबरी से सिहावा चौक तक लगभग चार किलोमीटर लंबा बाइपास मार्ग बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इस परियोजना पर करीब 25 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। जल्द ही विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर तकनीकी स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा।

प्रस्तावित बाईपास 60 फीट चौड़ा होगा और सेहराडबरी से शुरू होकर रेलवे लाइन के समानांतर चलते हुए माल गोदाम और रेलवे स्टेशन को जोड़ते हुए सिहावा चौक तक पहुंचेगा। आवश्यकता पड़ने पर कुछ स्थानों पर भूमि अधिग्रहण भी किया जाएगा, जिसके लिए प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

जिला प्रशासन का मानना है कि यह बाईपास भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। इससे रेलवे स्टेशन, माल गोदाम और शहर के प्रमुख मार्गों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित होगा, ट्रैफिक का दबाव घटेगा और धमतरी की व्यापारिक एवं लॉजिस्टिक क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।

## सेहराडबरी से सिहावा चौक तक बनेगा 4 किलोमीटर लंबा 60 फीट चौड़ा मार्ग

### ब्रॉडगेज से बदलेगी शहर की रफ्तार, यातायात होगा सुगम

प्रशासन का मानना है कि ब्रॉडगेज शुरू होने के बाद माल ढुलाई और यात्री आवागमन में तेजी आएगी। ऐसे में भारी वाहनों को शहर के भीड़भाड़ वाले मार्गों से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी। इससे माल परिवहन का समय और लागत दोनों कम होंगे तथा स्थानीय व्यापार को भी नई गति मिलेगी।



### 544 करोड़ की रेल परियोजना ने पकड़ी रफ्तार

544 करोड़ रुपये की लागत से चल रही बड़ी रेललाइन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। रेलवे स्टेशन तक स्लीपर बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि पटरी और केबल बिछाने का काम जारी है। इसके बाद माल गोदाम के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जवाहर उत्कर्ष योजना परीक्षा में साक्षी अव्वल



**नगरी।** साक्षी वट्टी पिता इंदल सिंह वट्टी ने जवाहर उत्कर्ष योजना परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल कर न केवल अपने माता-पिता का बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों ने हर्ष जताया है।

### नवाचारी किसान डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न से सम्मानित होंगे

**धमतरी।** प्रदेश के प्रतिष्ठित डा. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए किसानों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संचालनालय कृषि के निर्देशानुसार इच्छुक किसान 31 जुलाई तक अपना आवेदन उप संचालक कृषि या वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र संबंधित कार्यालयों से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन के साथ अधिकतम दो पृष्ठों की सफलता की कहानी तथा संबंधित छायाचित्र एवं वीडियो सीडी संलग्न करना अनिवार्य होगा। बताया गया है कि पुरस्कार के लिए वही किसान पात्र होंगे जो पिछले 10 वर्षों से छत्तीसगढ़ में कृषि कार्य कर रहे हों, राज्य के मूल निवासी हों, उनकी कुल वार्षिक आय का कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सा कृषि से प्राप्त होता हो तथा उन पर तकाबी, सिंचाई शुल्क या सहकारी बैंक का कालातीत ऋण बकाया न हो। चयन प्रक्रिया में फसल विविधीकरण, उत्पादकता वृद्धि के लिए नवीन कृषि तकनीकों का उपयोग, अन्य किसानों को प्रेरित करने के प्रयास, पिछले तीन वर्षों की उत्पादकता, कृषि एवं सहयोगी क्षेत्रों में नवाचार, भूमि एवं जल संरक्षण तथा कृषि संसाधनों के बेहतर उपयोग जैसे बिंदुओं का मूल्यांकन किया जाएगा। कृषकों के आवेदन का सत्यापन विकासखंड स्तरीय छानबीन समिति द्वारा किया जाएगा। इसके बाद जिला स्तरीय समिति एवं राज्य स्तरीय जूरी द्वारा अंतिम चयन किया जाएगा। चयनित किसान को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### जहर खाने से युवक की की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत पत्ताकालबेड़ा निवासी 23 वर्षीय सुनील कुमार कुरेटी पिता अंकालू राम ने जहर खाकर अपनी जा दे दी। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया लेकिन उसका 25 जून को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मरदापोटी में आज शाला प्रवेशोत्सव

**कांकेर।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत आज 10 जुलाई को सुबह 11 बजे माध्यमिक शाला मरदापोटी के प्रांगण में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव के मुख्य अतिथि कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम होंगे। इसके अलावा अन्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे।

## जिला गठन के बाद कुरूद में 20 और धमतरी में 9 नए संस्थान, नगरी अब भी संसाधनों की प्रतीक्षा में

# धमतरी जिले में उच्च शिक्षा संस्थानों का असमान विस्तार, कुरूद सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




धमतरी जिले के गठन के 28 वर्ष पूरे होने के बाद उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हुए विकास का तुलनात्मक अध्ययन क्षेत्रीय असमानता को उजागर करता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिला बनने के बाद सबसे अधिक शैक्षणिक संस्थानों का विस्तार कुरूद विधानसभा क्षेत्र में हुआ है, जबकि जिला मुख्यालय धमतरी और आदिवासी अंचल नगरी अपेक्षाकृत पीछे रह गए हैं। वर्ष 1998 में धमतरी जिला बनने के समय जिले में सीमित सरकारी महाविद्यालय और तकनीकी संस्थान ही संचालित थे। इसके बाद समय-समय पर नए संस्थान खुले, लेकिन उनका वितरण सभी क्षेत्रों में समान रूप से नहीं हो सका।

वर्तमान स्थिति के अनुसार धमतरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 9 उच्च शिक्षण संस्थान संचालित हैं, जिनमें शासकीय महाविद्यालय, कन्या महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक, आईटीआई, लाइवलीहुड कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय शामिल हैं। दूसरी ओर कुरूद विधानसभा क्षेत्र में 20 संस्थान स्थापित हो चुके हैं। इनमें महाविद्यालयों के अलावा नर्सिंग कॉलेज, कृषि महाविद्यालय, उद्यानिकी महाविद्यालय, बीएड कॉलेज, विधि महाविद्यालय, लाइवलीहुड कॉलेज, आईटीआई तथा अन्य संस्थान शामिल हैं।

**शिक्षाविदों ने दिया मेडिकल कॉलेज और सैनिक स्कूल की स्थापना पर दिया जोर**

नगरी विधानसभा क्षेत्र में उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या अभी भी केवल 5 है, जिससे यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। शिक्षाविदों का मानना है कि जिले में शिक्षा के संतुलित विकास के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुरूप नए संस्थान स्थापित किए जाने चाहिए।

विशेषज्ञों का कहना है कि धमतरी जैसे जिला मुख्यालय में मेडिकल कॉलेज और सैनिक स्कूल जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे संस्थान शुरू होने से जिले के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिलेंगे और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी।

जानकारों का मानना है कि भविष्य की योजनाओं में शिक्षा के समान विकास को प्राथमिकता देकर सभी क्षेत्रों में आवश्यक शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना की जाए, ताकि जिले के प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकें। इससे धमतरी जिले का समग्र शैक्षणिक और सामाजिक विकास भी मजबूत होगा।

धमतरी के नागरिक महेंद्र खंडेलवाल ने कहा कि धमतरी के विकास के लिए दूरदर्शी सोच और प्रभावी प्रतिनिधित्व आवश्यक है, केवल दूसरों की कमियां गिनाने से विकास नहीं होगा। जिले को लाभ पहुंचाने पर ध्यान देना आवश्यक है।

अधिवक्ता गौतम वाधवानी का कहना है कि धमतरी की सबसे बड़ी समस्या विकास कार्यों की धीमी रफ्तार और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रयता है। वादे तो किए जाते है लेकिन मूर्तरूप में दिखाई नहीं देता। शिक्षा जैसी बड़ी व्यवस्था में जिला मुख्यालय पिछड़ गया है। धमतरी में मेडिकल कालेज, सैनिक स्कूल, इंजीनियरिंग कालेज खोलना आवश्यक है। इसके अलावा विधि विभाग के एलएलएम, बीएड, डीएड, जर्नलिज्म शिक्षा की कमी है।

समीर कुरैशी ने कहा कि धमतरी में सक्षम नेतृत्व और दूरदर्शिता के अभाव के कारण विकास की गति पिछड़ी हुई है। धमतरी की जनता शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। यहां के लोग उपेक्षा के शिकार हो गए है।

अधिवक्ता कीर्ति शाह ने कहा कि धमतरी के समग्र विकास के लिए शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना आवश्यक है। जिला मुख्यालय में स्कूल, कालेज, मेडिकल कालेज, सैनिक स्कूल, इंजीनियरिंग कालेज, तकनीकी एवं कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जाएं।

रिटायर्ड शिक्षाविद घनश्याम साहू का कहना है कि धमतरी जिले का विकास संतुलित होना चाहिए। यदि किसी ब्लाक में अधिक विकास हो और अन्य क्षेत्र पिछड़ जाए तो इसे समग्र प्रगति नहीं कहा जा सकता। समान दृष्टि रखते हुए सकारात्मक विकास होना चाहिए।

शहरी नागरिक योगेश शर्मा ने कहा कि धमतरी जिले में उच्चशिक्षा का विस्तार संतुलित नहीं रहा है। जिला मुख्यालय होने के बाद भी धमतरी में अपेक्षित शैक्षिक संस्थानों और सुविधाओं का अभाव है। राजनीतिक पक्षपात के कारण विकास असमान रहा है। बच्चों का अवसर प्रभावित हुआ है।

## नशीला कैप्सूल बेचने वाले तस्कर को 8 साल की सजा, 30 हजार का जुर्माना

- तीन साल पुराने मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



नशीली दवाइयों के अवैध कारोबार के खिलाफ धमतरी पुलिस को बड़ी न्यायिक सफलता मिली है। न्यायालय ने करीब तीन साल पुराने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए 8 वर्ष के सश्रम कारावास और 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामला 17 जून 2023 का है। कुरूद थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चरमुड़िया पुल स्थित संगवारी ढाबा के पास दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया था। आरोपी शेख फिरोज उर्फ फिज्जू (42), निवासी रिसाईपारा को दोषी ठहराते हुए 8 वर्ष के सश्रम कारावास और 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला पुलिस की वैज्ञानिक विवेचना और मजबूत साक्ष्यों के आधार पर आया। उसके कब्जे से 72 पत्तों में 576 नशीला कैप्सूल, बिक्री की रकम 210 रुपये सहित कुल 4,332 रुपये का मशरूका बरामद किया गया था।

**एसआई होंगी पुरस्कृत**

प्रकरण की विवेचना तत्कालीन सहायक निरीक्षक संतोषी नेताम ने की थी। न्यायालय में प्रस्तुत ठोस साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया गया। उत्कृष्ट विवेचना के लिए पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने एसआई संतोषी नेताम को 500 रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और वैज्ञानिक विवेचना से ही अपराधियों को न्यायालय से कठोर दंड दिलाया जा सकता है।

## वैष्णो देवी दर्शन के लिए 35 मातृशक्तियां हुईं रवाना



- महापौर रामू रोहरा ने महिलाओं के दल को दिखाई हरी झंडी

**धमतरी।** नगर निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा ने मराठापारा एवं बांसपारा वार्ड से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हो रही 35 मातृशक्ति महिलाओं के दल को हरी झंडी दिखाकर शुभ यात्रा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने माता रानी से सभी के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि माता वैष्णो देवी की यात्रा आस्था, श्रद्धा एवं विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा, सकारात्मक सोच तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती है। उन्होंने सभी यात्रियों से सुरक्षित यात्रा करने एवं माता रानी का आशीर्वाद लेकर सकुशल लौटने की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मकेश्वर वार्ड की पार्षद श्रीमती आशा लोधी ने कहा कि माता वैष्णो देवी की कृपा सभी श्रद्धालुओं पर बनी रहे तथा उनकी यात्रा सुखद, सुरक्षित और सफल हो ऐसी कामना की। रवानगी के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह एवं भक्ति का माहौल देखने को मिला।

**कोलियारी में अतिक्रमण का मामला**

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धमतरी जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोलियारी में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक नोटिस के बाद क्षेत्र में सियासी सरगर्मी पूरी तरह तेज हो गई है। प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने और उनके आशियाने को उजड़ने से बचाने के लिए कांग्रेस संगठन पूरी तरह से मैदान में उतर आया है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कोलियारी गांव का दौरा कर जमीनी स्थिति का विस्तृत जायजा लिया और प्रभावित ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। जायजा लेने पहुंचे कांग्रेस नेताओं के सामने ग्रामीणों ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि वे यहां वर्षों से निवास कर रहे हैं और अपनी गाढ़ी कमाई से इन मकानों का निर्माण किया है। बारिश के इस मौसम में उन्हें बेघर करने की प्रशासनिक तैयारी पूरी तरह से अमानवीय है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन रायपुर के नकटी गांव जैसी स्थिति यहां भी उत्पन्न करने की कोशिश कर रहा है और किसी निजी संस्थान को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दबाव बना रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर सहित अन्य पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी किसी भी परिस्थिति में उनका आशियाना उजड़ने नहीं देगी। कांग्रेस पदाधिकारियों ने दौरे के बाद साफ किया कि इस गंभीर मुद्दे को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जिला प्रशासन और वरिष्ठ राजस्व अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराएगा।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने अपनी इस दमनकारी नीति को वापस नहीं लिया और ग्रामीणों को राहत नहीं दी, तो प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए जिला स्तर पर एक बड़ा जन-आंदोलन खड़ा किया जाएगा। इस मामले में स्थानीय धमतरी विधायक ओंकार साहू ने भी पहले ही कोलियारी पहुंचकर ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है और अधिकारियों से बात कर बारिश के मौसम में किसी भी प्रकार की बेदखली की कार्रवाई न करने की बात कही है। अब जिला कांग्रेस संगठन और विधायक दोनों ही एकजुट होकर ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़े नजर आ रहे हैं। इस निरीक्षण के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, पूर्व विधायक लेखराम साहू, विपिन साहू, जिला कोषाध्यक्ष विजय गोलछा, मदन मोहन खंडेलवाल, डॉ विजय प्रकाश जैन, बृजेश जगताप, घामेश्वरी साहू, जिला उपाध्यक्ष सूर्याराव पवार, आलोक जाधव, मनीषा साहू, योगेश लाल, विक्रांत शर्मा, दीपक सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी, राजा देवांगन, खिलेंद्र साहू, राजेश पांडे, रामनाथ यादव, सलीम तिगाला, मोहित देवांगन, राजेश ठाकुर, उदित नारायण साहू, जैनुद्दीन रिज़वी, देवेंद्र देवांगन, भोलाराम देवांगन, लोकेन्द्र साहू, प्रकाश पवार, जय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामवासी, प्रभावित परिवार और जिला व शहर कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोकुलपुर-पुरूर मार्ग के चौड़ीकरण की मांग



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिले जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा नेता एवं जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर धमतरी जिले के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की वर्षों पुरानी जनसमस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।

उमेश साहू ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि गोकुलपुर से पुरूर तक का मार्ग पर्यटन, धार्मिक एवं यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस मार्ग से प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु, पर्यटक एवं ग्रामीण आवागमन करते हैं, किंतु सड़क संकरी होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है तथा यातायात प्रभावित होता है। उन्होंने इस सड़क का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कराए जाने की मांग की, जिससे क्षेत्र के पर्यटन, व्यापार और ग्रामीण विकास को नई गति मिल सके।

उन्होंने सोरम एवं बोरिदखुर्द के बीच स्थित नाले पर उच्च स्तरीय निर्माण कराने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष बारिश के दिनों में यह नाला उफान पर होने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिससे अनेक गांवों का संपर्क टूट जाता है।

श्री साहू ने मुख्यमंत्री का ध्यान ग्राम बोरिदखुर्द के बीच स्थित लगभग 50 वर्ष पुराने जर्जर नाले की ओर भी आकर्षित कराया। उन्होंने बताया कि यह पुराना ढांचा अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों से परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।













